पंजाब केसरी 12/03/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के कई विद्यार्थियों को मिला रोजगार का तोहफा

रोजगार मेले में अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 11 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्लेसमैंट सैल द्वारा सोमवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में विभिन्न कंपनियों ने कई विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार का तोहफा दिया।

इस संबंध में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के दरवाजे खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रोजगार मेले में 20 से अधिक कंपनियां शिरकत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है।

प्लेसमैंट सैल इंचार्ज डा. अनुपमा सिहाग ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए 250 विद्यार्थियों ने पहले से ही पंजीकरण करवाया है। इस अवसर पर प्लेसमैंट सैल के सभी अधिकारी डा. रवनीत कौर, डा. नियति और श्याम रहेजा आदि सदस्य उपस्थित रहे।